टैक्स और कानून के पेशे से जुड़े लोगों को सक्षम बनाने के लिए Lexlegis.ai ने लीगल अकप्लेटफॉर्म लॉन्च किया

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। नई दिल्ली। Lexlegis.ai देश में लीगल-टेक सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के मामले में सबसे आगे है, जिसने आज भारत के पहले लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के लॉन्च की घोषणा की, जिसे विशेष रूप से लीगल-टेक क्षेत्र के लिए डिजाइन किया गया है। यह अकटूल अपने आप में बेमिसाल है, जो अव्वल दर्जे की सटीकता और विश्वसनीयता के साथ कानूनी मामलों पर रिसर्च में जबरदस्त बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह प्लेटफॉर्म हर प्रकार के मुद्दे से संबंधित विशिष्ट निर्णय और सटीक संदर्भ प्रदान करके कानूनी पेशे से जुड़े लोगों की मदद करता है, जिससे बड़े पैमाने पर मौजूद केस दस्तावेजों को मैन्युअल तरीके से एक जगह इकट्ठा करने में भारतीय अदालतों को लगने वाले समय में काफी कमी आएगी। फिलहाल भारत की न्यायिक व्यवस्था में 44.9 मिलियन से अधिक मामले लंबित हैं, और Lexlegis.ai इसी समस्या के समाधान की पेशकश करता है जो बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला है।